सार-समाचार

प्रवेशोत्सव की जानकारी दी

बांसवाड़ा, (निसं)। राउमावि खूंटा लालू पारगी में गुरुवार को कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन आनंदपुरी के नेतृत्व में ग्राम स्वराज, सक्षम एवं बाल स्वराज समूह के सदस्यों तथा स्कूल के बालक-बालिकाओं और गांव से अन्य समुदाय ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम व जागरूकता रैली निकाली। संस्था के मानसिंह निनामा ने कहा कि समाज के हर बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा द्वारा समग्र विकास संभव है और समाज को एकजुट होकर आने वाली पीढी की शिक्षा के लिए क्षेत्र में जागरूकता के स्तर में वृद्धि करनी चाहिए। संस्था प्रधान नवनीत पटेल ने गांव के सभी बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों से आग्रह करते हुए 6 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके बच्चों तथा वंचित बच्चों को 15 तारीख के पहले स्कूल आकर नामांकन सम्बंधित जानकारी दी। शिक्षिका मीना देवी ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने से ही व्यक्ति एक अच्छा नागरिक बनकर समाज के उत्थान में भागीदारी निभाता है। संगठन लीड प्रभारी बाबूलाल चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में गोविंद, शांतिलाल, विजयपाल, शारदा, मीना, एसएमसी सदस्य कुशाल सिंह, दिनेश कटारा, स्थानीय सामुदायिक सहज कर्ता नाथूलाल आदि मौजूद रहे। संचालन प्रकाश बरजोड ने किया जबकि आभार कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन सदस्य मोहन ने माना।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

देवगढ़, (निसं)। भारत विरोधी विदेशी षड्यंत्र में लिप्त प्रतिपक्ष कांठोस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को निशाना बनाते हुए गैर संवैधानिक अपमानजनक बयान पर कार्यवाही करते हुए अयोग्य सांसद घोषित कर संसद सदस्यता समाप्त करने के संदर्भ मे गुरूवार को समस्त हिंदू समाज देवगढ़ ने मारु दरवाजा के बाहर पुतला जलाकर कर देवगढ़ उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार खेदर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया की लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में भारत विरोधी विदेशी षड्यंत्र में लिप्त प्रतिपक्ष कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को निशाना बनाकर अपनी पार्टी और उसके विचारधारा को दर्शाते हुए हिंदू विरोधी बयान दिया। (हिंदू जो अपने आप को हिंदू कहते हैं वह सिर्फ हिंसा हिंसा हिंसा) शब्द का प्रयोग किया जिससे समस्त हिंदू समाज की भावनाओं को आहत पहुंची है। यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है हिंदू भारत का मूल समाज , भारत की आत्मा है हिंदू, सहिष्णुता उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है, हिंदू कोई जाती सूचक या संप्रदाय सूचक शब्द नहीं है मत और पंथ से अलग भारत के मूल आत्मा है।यह बात स्वयं को एक्सीडेंटल हिंदू कहने वाले जमात के शहजादे को कैसे समझ नहीं आ सकती। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी हुई कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी ने हिंदुओं पर ज्योति पनिया की है वह सत्य से परे भारत की मूल आत्मा को लहुलुहान करने जैसी है। भारत माता को लहू लोहान करने के लिए इस प्रकार के आज अपरिपक्व व्यक्ति को संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। साधु संतों के मार्गदर्शन में समस्त हिंदू समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह मांग करते हैं कि राहुल गांधी को अयोग्य सांसद घोषित कर संसद सदस्यता समाप्त की जाए।

प्रगति के संबंध में विचार विमर्श

देवगढ़, (निसं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ की सत्र 2024 -25 की प्रथम बैठक गुरुवार को उपखंड अधिकारी देवगढ़संजीव खेदर एवं नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षता में आयोजित की गई।। प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया कि इस बैठक में सत्र 2023 -24 में किए गए कार्यों एवं सत्र 2024 -25 में प्रस्तावित कार्य एवं योजनाओं की रूपरेखा प्रबंधन समिति के सामने अनुमोदन हेतु रखी गई विद्यालय की प्रगति के संबंध में विचार विमर्श किया गया साथ ही आगामी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति से प्राप्त सुझावों पर अमल करने का निर्णय लिया गया समिति के सभी उपस्थित सदस्यों ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम एवं प्रगति को उत्साहवर्धक बताया एवं विद्यालय विकास में इसी तरह निरंतर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये इसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों द्वारा विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया भाग लिया कार्यक्रम का संचालन पूसा लाल खटीक द्वारा किया गया।

कार पर पथराव, बालिका गंभीर घायल

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में कई दिनों से पत्थरबाजी की घटनाओं पर लगा अकुंश मानों अब फिर सक्रिय हो चुका है,जो कि पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था की पोल खोल रहा है। जिस कारण बुधवार देर शाम आसपुर मार्ग के दोवडा के निकट एक कार पर हुए पथराव में कार सवार एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका अहमदाबाद के एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लीलवासा निवासी हर्षित पंचाल अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर डूंगरपुर से अपने निवास गांव जा रहा था। देर शाम को दोवडा के निकट पहुंचने पर कार पर अज्ञात लोगो द्वारा पथराव करने से कार में सवार हर्षित की पुत्री माही पंचाल के सिर में गंभीर चोंटे पहुंची। जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद गुजरात ले जाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

राजसमंद, (निसं)। जिले के नाथद्वारा तहसील के रेलमंगरा गांव में अवैध खनन परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। एम ई ललित बाछरा ने बताया कि यह कार्रवाई राजसमंद डिवीजन-2 की खान विभाग टीम और रेलमगरा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई। टीम ने अवैध रूप से खनिज बजरी का परिवहन कर रहे वाहनों को पकड़ा और उन्हें रेलमगरा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाना और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकना है।इस मामले में आगे की जांच जारी है और खान विभाग तथा पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे अन्य मामलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

जेके टायर फैक्ट्री का मैन गेट बंद करने के विरोध में रैली निकाली

राजसमंद, (निसं)। जेके टायर फैक्ट्री का मैन गेट गुरुवार को सुबह की शिफ्ट के दौरान बंद कर दिए जाने से श्रमिक काम करने के लिए अंदर नहीं जा सके। इसको लेकर जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक ने फैक्ट्री में काम शुरू करवाने की मांग को लेकर विरोध रैली निकाली और कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने के बाद कलक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित इंटक कार्यालय पर धरने पर बैठ गए।

जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक के अध्यक्ष व नगर परिषद उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली ने बताया

■ **कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर की फैक्ट्री में काम शुरू करवाने की मांग**

गेट के बाहर धरने पर बैठे श्रमिक।

कि जेके टायर फैक्ट्री मैन गेट पर गुरुवार को प्रातः साढ़े पांच बजे कुछ स्वार्थी मजदूरों और असामाजिक तत्वों ने भामस के साथ मिलकर राज्य सरकार के दम पर मैन गेट को रोककर कारखाने को बंद कर दिया है। इसके कारण प्रातः की शिफ्ट से ही मजदूर काम पर नहीं जा पाए। इसके विरोध में इंटक की ओर से रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित कार्यालय पर बैठक कर रोष जताया गया। इसके बाद प्रातः के समय ही विरोध रैली निकाली गई। रैली रेलवे स्टेशन से जेके सर्कल, जेके मोड़, चौपाटी, पुराना बस स्टैण्ड व जलचक्की से होकर कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां, नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कलक्टर भंवरलाल व पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाटी को ज्ञापन सौंपकर फैक्ट्री में नियमित रूप से काम शुरू करवाने और असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग की गई। इसके बाद वापस इंटक कार्यालय पहुंचकर सभी श्रमिक धरने पर बैठ गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, महामंत्री दिनेशसिंह झाला, पूनाराम चौधरी, रतन गाडरी, कुलदीप सिंह, गोवर्धनलाल कुमावत, देवीसिंह राठौड़, नाहरसिंह राव, लक्ष्मीलाल पालीवाल, लालसिंह चौहान, नारायण सिंह झाला, महेश उपाध्याय, गणेश गुर्जर, रामेश्वर पुरी, दिनेश छापरवाल व रमेश कुमावत एवं सैकड़ों की संख्या में श्रमिक मौजूद थे।इंटक के पास एक हजार श्रमिक जेके टायर एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने बताया कि फैक्ट्री में करीब एक हजार श्रमिक इंटक से जुड़े हैं, जबकि भामस के साथ सिर्फ 781 मजदूर ही हैं। उन्होंने बताया कि सदस्यता को लेकर प्रति माह प्रति मजदूर से दस रुपए का शुल्क लिया जाता है, जिसके अनुसार जून माह का 11110 रुपए का चेक इंटक को प्रदान किया गया है, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि इंटक के पास ज्यादा श्रमिक हैं।

पौधारोपण कल

बांसवाड़ा, (निसं)। जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 6 जुलाई को भाजपा जिले के सभी मंडलों के शक्ति केंद्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पौधरोपण करेगी। जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, कार्यक्रम संयोजक मुकेश शर्मा, सहसंयोजक गायत्री शर्मा व महेन्द्र पाटीदार ने बताया कि कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक सहित कार्यकर्ता विशेष अभियान में सहभागिता निभायेंगे।

देवल में साढ़े तीन इंच बारिश

डूंगरपुर, (निसं)। पिछले कुछ दिनों से जिला मुख्यालय को छोडकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश का दौर जारी है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों, एनिकटो व बांधों में पानी की आवक का दौर शुरू हो गया है। इसी के तहत जिला मुख्यालय के दो नदी एनिकट पर जो कि बुधवार शाम तक रीता पडा हुआ था।

गुरूवार प्रातः ग्रामीण क्षेत्रो में हुई बारिश के बाद छलक गया। तथा उसके पेटे में पडी सारी गंदगी बहकर निकल गई। इधर रेल्वे प्रशासन द्वारा ओवरब्रिजो के तहत बनाये गये पूलो में पानी निकासी के अभाव के चलते हल्की बारिश में तरणताल बन जाते है। और बिछीवाडा रेल्वे ब्रिज तो आज बडे हादसे को अंजाम दे देता। जहां तीन स्कूली बच्चों को डूबने से बचा लिया गया। इससे पूर्व भी रेल्वे प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन इसी भी अण्डर ग्राउण्ड ब्रिजों पर पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था नही है जिसके कारण हादसों का अंदेशा बना रहता है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार गुरूवार प्रातः समाप्त हुई 24 घण्टो में सर्वाधिक वर्षा देवल में 90 मिमी रिकोर्ड की गई है। जब कि कनबा 50, सागवाडा 20, साबला 11, गामडी 9, निठाऊवा 4 तथा डूंगरपुर में 2 मिमी वर्षा रिकोर्ड की गई है। जिला मुख्यालय पर भौर में हुई हल्की वर्षा के बाद दिन भर उमस का वातावरण बना रहा। वही दूसरी ओर बिजली की ऑख मिचौनी भी दिन भर चलती रही।

सांवलिया सेठ के भंडार से निकले सात करोड़ 70 लाख रुपए

मंडफिया। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी गुरुवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी राकेश कुमार की उपस्थिति में खोला गया। प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि चतुर्दशी को खोले गए भंडार से 07 करोड 70 लाख 41 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए।

■ **अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल का भंडार से भी 2 लाख 68 हजार 70 रुपए प्राप्त हुए**

भंडार गिनती में उपस्थित मंदिर बोर्ड अध्यक्ष गुर्जर एवं पदाधिकारी।

उन्होंने ने बताया कि भंडार से बची राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रुपयों की गिनती होना शेष है। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। भंडार गिनती में भादसोड़ा नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, कपासन प्रधान एवं मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल जाट, संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, भेरूलाल सोनी, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, कांग्रेस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी राघव शर्मा, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, जितेन्द्र त्रिपाठी सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

इसी प्रकार समीपवर्ती नरबदिया गांव स्थित अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल का भंडार भी खोला गया। अमरा भगत सेवा संस्थान के सचिव भेरुलाल गाडरी भूतखेड़ा ने बताया कि खोले गए भंडार से 2 लाख 68 हजार 70 रुपए नगद प्राप्त हुए।

संस्थान के सचिव गाडरी ने बताया कि भंडार गिनती में संस्थान के अध्यक्ष कालूराम गाडरी सोहन खेड़ा, गोपीलाल गाडरी चेना खेड़ा, सदस्य प्रभु लाल, टोडूराम, भेरुलाल, कालूलाल, कैलाश मावरा, छोगालाल सुरपुर, रतनलाल मंडफिया, भेरुलाल फलवा, भगवान लाल, शंकर लाल, सोहनलाल, कन्हैयालाल, सीताराम नरबदिया, किशन, भेरुलाल फलवा, रतनलाल, विकास उंखलिया, श्रीलाल डूंगला, घनश्याम महुड़िया, सरपंच बाबूलाल सहित पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

सार-समाचार

कपड़े की थैलियां बांटी

डूंगरपुर, (निसं)। एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर की ओर से कौमी एकता के प्रतीक हजरत किबला मस्तान शाह बाबा कि याद में वृक्षारोपण कार्यक्रम परिवहन विभाग कार्यालय डूंगरपुर में जिला परिवहन अधिकारी अनिल माथुर,अभिषेक जोशी, किशन तेली, विनयसिंह, नागेन्द्र रोत, संदीप सेठिया व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिवहन विभाग कार्यालय परिसर में 60-60 पौधे लगाए गए। जिला परिवहन अधिकारी अनिल माथुर ने वहां मौजूद सभी स्टाफ को पौधों की समय-समय पर देखरेख करने के लिए पौधों को पानी पिलाने का जिम्मा दिया। ग्रुप सदर मकरानी ने बताया की ग्रुप मस्तान बाबा की याद में प्रति वर्ष वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित करता है एवं ग्रुप उन्हीं जगहों पर पौधे लगाता है जहां पर इनको संरक्षण दिया जाता है। ग्रुप की ओर से जिला परिवहन अधिकारी अनिल माथुर का सम्मान किया एवं वहां मौजूद सभी स्टाफ को कपडे की थैलियां का वितरण कर प्लास्टिक की थैलियों को उपयोग में नहीं लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रवीण कलाल, हिमांशु राजसिंह चौहान, भारत मीणा, रफीक मोहम्मद, दिनकर श्रीमाल, दीपक तंबोली,लक्ष्मणसिंह, अरविंद सिंह, मुस्तफा सानू, कमलेश साथ, विशाल पहाड अमित आहारी आदि मौजूद थे।जिला परिवहन अधिकारी अनिल माथुर ने एमबी ग्रुप जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि ग्रुप पर्यावरण के संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण और कपडे की थैलियां का निःशुल्क वितरण कर काफी सराहनीय कार्य कर रहा है और ग्रुप हमेशा मस्तान बाबा की याद में जनहित के कार्यों में आगे रहता है।

पूर्व राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

डूंगरपुर, (निसं)। अखिल राजस्थान कृषक मित्र डूँगरपुर के जिला मंत्री बंशीलाल खराडी ने बताया कि राजस्थान कृषक संघ जिला कमेटी ने पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा ओर बताया कि कृषि विभाग राजस्थान के अधीन कार्यरत कृषक मित्र कार्यरत है और इन्हें केवल मात्र 1000,प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है कि कृषक मित्र को वर्ष 2011 से कृषि विभाग कृषक मित्र को कृषि विभाग द्वारा पूरी सेवाएं ली जा रही है कि डूंगरपुर जिले में 377 कृषक मित्रों ने मांग की है कि सरकार के निर्देशानुसार ग्राम सभा में अनुमोदित कर कृषक मित्रों को लगाया गया है आत्मा परियोजना जयपुर के निर्देश अनुसार सरकार के कार्य करवाए जाते है लेकिन इन्हें न ही कर्मचारी का दर्जा मिला है न ही मांग के अनुसार वेतन मिलता हैं कृषक मित्र माँगो को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं,लेकिन लगातार इनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है,कृषक मित्र को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने, जब तक कर्मचारी को दर्जा ना मिले कृषक मित्र का मानदेय प्रतिमाह 26000 देने, कृषक मित्रों से सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लेने, बीमा प्रोविडेंट फंड ग्रेच्युटी चिकित्सा सुविधा पेशन का लाभ दिलाने, कृषक मित्रों को दैनिक भत्ता यात्रा भत्ते का लाभ दिलाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल घनशयाम, हीरालाल, खेमराज, भूरेलाल, बाबूलाल,रामलाल भगोरा, वेलचंद, कांतिलाल, वजू वागत आदि कई कई कृषक मित्र मौजूद रहें।

गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण

बांसवाड़ा, (निसं)। क्षेत्र के चिकित्सा संस्थाओं व आंगनबाडी केन्द्रों पर गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य और पोषण दिवस एमसीएचएन डे का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों के टीकाकरण किया गया। जिले के आंगनबाडी केन्द्र में आयोजित पोषण दिवस का चिकित्साधिकारियों ने निरीक्षण किया। एएनएम व आशा की ओर से यहां आई गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण किया गया तथा गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, प्रसव पूर्व जांच, परामर्श, आयरन फॉलिक एसिड व कैल्शियम दवा का वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन केरियर व आवश्यक दवाइयां देखी तथा आवश्यक उपकरण, पूर्ण दवाइयां रखने, गर्भवती महिलाओं का वजन, ऊंचाई का नाप लेने, जांच करने के निर्देश दिए। सभी आशाओं व एएनएम को 12 सप्ताह पूर्व एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, डीयू सूची के अनुसार टीकाकरण को लेकर निर्देशित भी किया। इस दौरान मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए हर रविवार सूखा दिवस मनाने की अपील की। इस दिन घरों में सफाई हो और जहां-जहां पानी का ठहराव रहता है, वहां पर सफाई करने की अपील की।

एस.डी.एम. ने सुनी समस्याएं

राजसमंद, (निसं)। माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन राजसमंद उपखण्ड क्षेत्र की समस्त 33 ग्राम पंचायतों में किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन ग्राम पंचायत प्रभारी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर एसडीएम अर्चना बुगालिया ने ग्राम पंचायत पीपरडा एवं बडारडा में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जनसमस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के बाद उपखण्ड में चल रहे सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का निरीक्षण एवं पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान सरपंच पीपरडा, पटवारी दिलीप खिंचड, ग्राम विकास अधिकारी लालसिंह झाला सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढावा देना और हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। इस अवसर पर एसडीएम बुगालिया ने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वें वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करें और पौधों की देखभाल कर उन्हें संरक्षण प्रदान करें। पर्यावरण के प्रति सजगता और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास हरियाली को बढावा दें।

छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर जताया आक्रोश, सीएम को भेजा ज्ञापन

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रसंघ जिला शाखा ने लंबे समय से छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर आक्रोश जताते हुए रैली निकालकर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

तहसील छोटी सरवन में संभागीय

■ **एस.सी.-एस.टी. छात्रसंघ ने छात्रवृत्ति की मांग को लेकर निकाली रैली**

छात्रवृत्ति की मांग को लेकर आवाज बुलंद करता अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रसंघ।

अध्यक्ष मनोहर खडिया एवं जिला अध्यक्ष कांतिलाल निनामा के नेतृत्व में छात्रसंघ पदाधिकारी हनुमान मंदिर एकत्रित हुए। जहां से रैली के रूप में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे एवं तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि लंबे समय से छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति जमा नहीं होने से छात्र परेशान है। संभागीय अध्यक्ष मनोहर ने बताया कि आदिवासियों एवं मजदूरी करने वाले गरीबों के बच्चों को तीन-तीन वर्ष तक छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया जा रहा है ऐसे में किस स्थिति में छात्र अपना किराया भर पायेंगे एवं कॉलेज की फीस जमा कर सकेंगे। जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा ने बताया कि ज्ञापन में छात्रवृत्ति शीघ्र दिलाने एवं छोटी सरवन में कस्तूरबा गांधी एवं घोडी तेजपुर छात्रावास इसी सत्र में चालू करने की मांग की गयी।

इन लोगों ने चेतावनी दी कि अगर छात्रवृत्ति का भुगतान समय पर नहीं किया गया तो जिले में बडा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में छात्र नेता तहसील अध्यक्ष विकास मईडा, अमिताभ मईडा, मुकेश मईडा, संतोष निनामा, चांदमल राणा, महेंद्र, संजय, लीला, रीना, सीता, मीना, कलावती आदि शामिल रहे।

राहुल गांधी का पुतला दहन

डूंगरपुर, (निसं)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी की ओर से हिन्दू समाज को हिंसक कहने पर गुरूवार को शहर में हिन्दू समाज के लोगों ने विरोध में एकत्रित होकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में कलेक्ट्री के बाहर जमकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस सांसद एवं प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया। सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल तथा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दोपहर को लक्ष्मण मैदान के निकट एकत्र हुए। इसके बाद सभी लोग वाहन रैली के माध्यम से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्री पहुंचे। कलेक्ट्री गेट के बाहर राहुल गांधी के पुतले के साथ जमकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्री के बाहर आयोजित सभा को विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष सज्जनसिंह भाटी, पूर्व सांसद कनकमल कटारा,भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश पाटीदार ने संबोधित करते हुए कहां कि प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी की ओर से समूचे हिन्दू समाज को अपमानित किए जाने का कार्य किया है। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

शिक्षा मंत्री प्रधान को इस्तीफा देने व एनटीए को खत्म करने की मांग

डूंगरपुर, (निसं। राजस्थान स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के जिला सह सचिव आशा कलासुआ ने बताया कि एसएफआई के राष्ट्रीय स्तरीय आव्हान पर एसएफआई राजस्थान की जिला इकाई डूंगरपुर ने एसबीपी महाविद्यालय कैम्पस के बाहर प्रदर्शन कर एनटीए के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

एसएफआई ने सांकेतिक रूप से प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने व एनटीए को खत्म करने की मांग की है एसएफआई के जिलाध्यक्ष फाल्गुन भराडा ने कहां कि भारत के छात्र एनटीए तथा शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित करने में की गई घोर गैरजिम्मेदारी के कारण गहरे संकट तथा रोष में हैं। जैसा कि एनईईटी परीक्षा में पेपर लीक, सीयूईटी परीक्षा में विसंगतियां तथा यूजीसी नेट 2024 परीक्षा की सत्यनिष्ठा के साथ वर्तमान समझौते से स्पष्ट है। इसने देश भर के लाखों छात्रों के जीवन तथा कैरियर को बुरी तरह प्रभावित किया है। बीजेपी सरकार के राज में छत से लेकर पेपर तक सब लीक हुआ है।

■ **एसएफआई के राष्ट्रीय स्तरीय आव्हान पर जिला इकाई डूंगरपुर ने एस.बी.पी. महाविद्यालय कैम्पस के बाहर प्रदर्शन कर एनटीए के खिलाफ आक्रोश जताया**

निरंतर विसंगतियों की गंभीरता को देखते हुए हम मांग करते हैं कि एनटीए प्रणाली को समाप्त किया जाए तथा हाल ही में नेट-नीट परीक्षा देने वाले सभी छात्रों को मुआवजा प्रदान किया जाए। पीएचडी प्रवेश के लिए अनिवार्य नेट स्कोर की हाल ही में अपनाई गई प्रणाली को वापस लिया जाना चाहिए तथा मौजूदा प्रवेश प्रक्रियाओं को केंद्रीकृत प्रवेश परीक्षाओं से बदलने के सभी प्रयास, जिससे देश में प्रवेश माफियाओं को बढावा मिल रहा है। वापस लिए जाने चाहिए। साथ ही मांग की है कि विश्वविद्यालयों में छात्रों का लगातार उत्पीडन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र का दमन बंद किया जाए। इन मांगों के साथ-साथ देश में उच्च शिक्षा प्रणाली की समस्याओं को संबोधित किया जाना चाहिए। स्कूली शिक्षा में भी सुधार किया जाना चाहिए और सरकार को देश भर में स्कूलों को बंद करना बंद करना चाहिए। वर्षों से, देश भर के लाखों छात्रों ने इस बात पर चिंता जताई है कि कैसे सीयूईटी-एनईईटी जैसी केंद्रीकृत परीक्षाओं ने शिक्षा के निजीकरण को बढावा दिया है, कोचिंग सेंटरों की संस्कृति को बढावा दिया है,जिसने शिक्षा को हाशिए पर रहने वाले छात्रों के लिए दुर्गम और अप्राप्य बना दिया है। एक राष्ट्र, एक परीक्षा की आड में पूरी परीक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई है और छात्रों का शैक्षणिक भविष्य अनिश्चित काल के लिए खतरे में पड गया है। मांगों को लेकर एसएफ आई ने देशभर में प्रदर्शन किया है। इस मौके एसएफ आई के शांतिलाल ताबियाड, जशोदा भावना, चिंकू, लोकेश कुमार, विपिन, हिमांशु अहारी, अन्य कई पदाधिकारी ने विचार व्यक्त किये।